हिंदी विभाग

CUPB/HINDI/2020/48
दिनांक: 11-11-2020

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति का कार्यवृत्त

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति की विभागीय बैठक 11 नवम्बर, 2020 को दोपहर 3 बजे संपन्न हुई जिसमे निम्न सदस्य उपस्थित थे:

1. डॉ. राजेन्द्र कुमार, सह आचार्य (सदस्य एवं विभागाध्यक्ष)
2. डॉ. गोपाल लाल मीणा, सह आचार्य (सदस्य)
3. डॉ. कुलभूषण शर्मा, सहायक आचार्य (प्रभारी)
4. डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य (सदस्य)

समिति की बैठक के मूल बिन्दू निम्न हैं :

1) **प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को दिशानिर्देश.**

विभागीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हिंदी परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कक्षाएं समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से जारी रहेंगी तथा इससे संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश प्रत्येक शिक्षक अपनी कक्षा में विद्यार्थियों को सुनिश्चित करे l

2) **विशेष व्याख्यान का आयोजन**

विभागीय समिति की बैठक में ये निर्णय लिया गया कि नवम्बर माह के अंत तक 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में हिंदी की स्थिति' विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा l

3) **अतिथि प्रवक्ता की नियुक्ति**

विभागीय समिति की इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हिंदी विभाग में शैक्षणिक कार्यभार को ध्यान में रखते हुए विभाग में एक अतिथि प्रवक्ता की सेवाएँ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रेषित किया जाएगा l

4) **हिंदी परास्नातक में प्रवेश संबंधी योग्यता**

विभाग के परास्नातक पाठ्यक्रम में आवंटित 40 सीटों के सापेक्ष विद्यार्थियों का पंजीकरण नहीं होने के कारण विभागीय समिति की इस बैठक में सहयोगियों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अगले सत्र से हिंदी परास्नातक में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता स्नातक में प्राप्त 55 प्रतिशत अंक के स्थान पर 50 प्रतिशत अंक की अनुशंसा की जाएगी (अन्य विश्वविद्यालयों में यही प्रावधान है)l

1094
DIA-23/11/2020

5) हिंदी परास्नातक प्रथम सेमेस्टर का शुल्क

विभागीय समिति की इस बैठक में सहयोगियों द्वारा यह चर्चा की गयी कि अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी परास्नातक का वार्षिक शुल्क अधिक है इसलिए रूचि होने के बावजूद भी कई विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने में असमर्थता व्यक्त करते हैं। अतः सर्वसम्मति यह निर्णय लिया गया कि अगले सत्र से हिंदी परास्नातक के वार्षिक शुल्क में यथासंभव कमी करने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन से एक विनम्र निवेदन प्रेषित किया जाएगा।

Deepak Kumar Pandey

डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय
सहायक आचार्य

डॉ. कुलभूषण शर्मा
सहायक आचार्य

डॉ.गोपाल लाल मीणा
सह आचार्य

डॉ. राजेन्द्र कुमार
सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष

Seen.
DFA 23/11/20